# अपनी वापसी का श्रेय इनको दे रही हैं रूपाली गांगुली

अभिनेत्री रूपाली गांगुली सात सालों बाद अनुपमा नामक शो के साथ टेलीविजन की दुनिया में वापसी करने जा रही हैं। उनका कहना है कि उनके पति ने ही उन्हें एक्टिंग में दोबारा करियर को शुरू करने के लिए प्रोत्साहित किया। रूपाली कहती हैं, मैं अपने पति को इस बात का श्रेय देना चाहती हूं कि उन्होंने इस शो में शामिल होने के लिए मुझे खूब प्रोत्साहित किया। मैं खुशी-खुशी अपने बच्चे की परवरिश कर रही थी, इसलिए घर से बाहर कदम निकालने के लिए उस मुताबिक कुछ रोमांचकर होना चाहिए था। वह आगे कहती हैं, जब मुझे यह शो ऑफर किया गया, तो मेरे पति ने वाकई में मेरा उत्साहवर्धन किया और कहा, मैं हमारे बच्चे और घर का ख्याल रखूंगा, तुम आगे बढ़ो क्योंकि यह शो एक अभिनेत्री के तौर पर तुम्हें अपनी योग्यता को साबित करने का मौका देगा। अनुपमा बंगाली टीवी सीरीज श्रीमयी की रीमेक है। इसकी कहानी एक हाउस वाइफ के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसे रूपाली ने निभाया है। राजन शाही द्वारा निर्देशित इस शो का प्रसारण स्टार प्लस पर 16 मार्च से किया जाएगा।

# ...तो केवल 5 साल और ऐक्शन फिल्में करेंगे अक्षय कुमार, कही यह बड़ी बात

रोहित शेट्टी के डायरेक्शन में बनी फिल्म सूर्यवंशी का ट्रेलर रिलीज हो गया है। इस फिल्म में एक बार फिर अक्षय कुमार जबरदस्त ऐक्शन अवतार में स्टंट करते दिखाई दे रहे हैं। अक्षय कुमार और रोहित शेट्टी ने खुद बताया है कि इस फिल्म के लिए उन्होंने बहुत कम वीएफएक्स का इस्तेमाल किया है और ज्यादातर स्टंट अक्षय ने खुद ही किए हैं। खुद अक्षय कुमार ने भी यह बात मानी है कि जो स्टंट उन्होंने इस फिल्म में किए हैं उन्हें वह 20-30 साल पहले भी कर चुके हैं।

सूर्यवंशी में लंबे समय बाद ऐक्शन करने के बारे में अक्षय ने कहा, मेरे लिए स्टंट करना ऐसा ही होता है जैसे कि कोई बच्चा डिज्नीलैंड जाए। मुझे स्टंट करना पसंद है। ये सारे स्टंट रियल हैं न कि ऐसा कि कोई वीएफएक्स वाला कंप्यूटर पर बैठकर किसी को हीरो बना दे। मैं आने वाले 4-5 सालों तक और ऐक्शन कर सकता हूं। उसके बाद मेरी उम्र मुझे स्टंट करने की इजाजत नहीं देगी।

सूर्यवंशी के इस रोल के लिए खास तैयारी किए जाने के बारे में अक्षय ने कहा, मैंने अपना वजन 8-9 किलोग्राम कम किया था क्योंकि मुझे ऐंटी-टेरर स्क्वॉड के अधिकारी जैसा दिखना था। वर्क फ्रंट की बात करें तो अक्षय कुमार सूर्यवंशी के बाद फिल्म लक्ष्मी बम में कियारा आडवाणी के साथ नजर आएंगे। इसके अलावा वह धनुष और सारा अली खान के साथ अतरंगी रे में और फिल्म बच्चन पांडे में काम कर रहे हैं।

# लड़कियों को उनके तरीके से जीने की आजादी मिले : अनुष्का

अभिनेत्री अनुष्का शर्मा का कहना है कि वह एक ऐसे माहौल में पली-बढ़ी हैं, जहां उन्हें उनके मन मुताबिक चीजों को करने की इजाजत थी और इसी के साथ वह उम्मीद करती हैं कि हर लड़की को उनके हिसाब से जिंदगी जीने की आजादी मिले। अनुष्का ने कहा, मैं एक ऐसे माहौल में बड़ी हुई हूं, जहां मुझे हर वह चीज करने की इजाजत थी, जिन्हें मैं करना चाहती थी। मेरे पिता ने मुझे यह छूट दी थी। यह बेहद दुखद है कि आज भी भारत में ऐसे कई घर हैं, जहां लड़कियां आजाद नहीं हैं।

यही वह वजह है, जिसके चलते वह इमरान खान की आगामी फिल्म अंग्रेजी मीडियम के गाने कुड़ी नू नचने दे की ओर आकर्षित हुईं, क्योंकि यह गाना नारीत्व का जश्न मनाता है। वह आगे कहती हैं, यह गाना यही कहता है कि किसी लड़की को गलती करने और उसे खुद सुधरने का मौका दें, उसे अपने अंदर छिपी बातों का खुद पता लगाने दें। यह बेहद दुखद है कि आज भी भारत में ऐसे कई घर हैं, जहां लड़कियां आजाद नहीं है, वे जैसी हैं, उन्हें उस रूप में जीने की इजाजत नहीं है। उम्मीद करती हूं कि हर लड़की को उसकी जिंदगी उस ढंग से जीने का मौका मिले, जिस तरह से मैंने जिया है।

# रक्तांचल के लिए सौंदर्या शर्मा ने लिया मेडिटेरेनियन डाइट का सहारा

अभिनेत्री सौंदर्या शर्मा अपने डिजिटल प्रोजेक्ट रक्तांचल के लिए मेडिटेरेनियन डाइट का सहारा ले रही हैं। इस बारे में सौंदर्या ने कहा, मैं एक सख्त डाइट पर थी जो मेडिटेरेनियन डाइट है। इस डाइट में बहुत ही अनुशासन है, और इसके ठीक विपरीत मुझे खाना बेहद पसंद है। यह कम कार्ब वाला डाइट है और इसे अपनाने के बाद मेरे शरीर में मैंने काफी बदलाव महसूस किया। मैं बेहतर और अलग लग रही हूं। कुछ चीजें ऐसी थीं जो मेरे लिए एकदम नई थीं। उन्होंने आगे कहा, यह किरदार बहुत ही शानदार है और मैं इसे सही तरीके से निभाने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहती थी। मुझे उम्मीद है कि दर्शक इसे पसंद करेंगे। रक्तांचल एक पीरियड ड्रामा फिल्म है, जो 1980 के दशक के उत्तर प्रदेश पर आधारित है।

# कभी भी बहुत बड़ी पार्श्वगायिका नहीं बनना चाहा : सोना मोहापात्रा




गायिका सोना मोहापात्रा ने लगभग एक दशक पहले संगीत कलाकार बनने के लिए एक कार्पोरेट की नौकरी छोड़ दी थी और आज उनकी अपनी एक फिल्म भी है। सोना का कहना है कि उन्होंने खुद को कभी महज एक गायिका के तौर पर नहीं देखा और न ही किसी ऐसे इंसान के तौर पर जो बहुत बड़ी पार्श्वगायिका बनना चाहती है। सोना का मानना है कि आज लोग एक बेहद ही मजेदार समय में जी रहे हैं।

सोना ने बताया, एक कलाकार के तौर पर किसी को भी खुद को बांधे रखने की आवश्यकता नहीं है। मैंने खुद को कभी महज एक गायिका के तौर पर नहीं देखा और न ही किसी ऐसे शख्स के तौर पर, जिसकी चाह एक बहुत बड़ी पार्श्वगायिका बनने की है। मैंने खुद को एक कलाकार के तौर पर देखा, कोई ऐसा, जो एक कहानीकार बनकर खुद को भिन्न तरीकों से बयां करेगी।

सोना मोहापात्रा पर एक डॉक्यूमेंट्री भी हैं, जिसकी निर्माता वह खुद हैं, जबकि इसे दीप्ति गुप्ता ने निर्देशित किया है। इसके बारे में वह कहती हैं, यह तीन साल का एक सफर है, 300 घंटों के फुटेज हैं और शैली की बात करूं, तो यह अपने तरह की पहली है। पिछले साल, मुंबई फिल्म महोत्सव में यह फिल्म दिखाई गई थी।

# विकसित हैं भारत के लोग : आयुष्मान



मशहूर फिल्म अभिनेता आयुष्मान खुराना अपनी फिल्म शुभ मंगल ज्यादा सावधान पर मिल रहीं प्रतिक्रियाओं से बहुत खुश हैं। आयुष्मान ने कहा, जब आप किसी वर्जित विषय पर फिल्म बनाते हैं तो सबसे पहले योजना बनाते हैं कि कैसे इस संदेश को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाया जाए। फिर हमने सेम सेक्स संबंध पर फिल्म बनाने का फैसला लिया और इसे हमने हास्य फिल्म के तौर पर पेश किया। हमारे इस फैसले की वजह से शुभ मंगल ज्यादा सावधान आज सफल है।

उन्होंने कहा कि इस विषय पर फिल्म बनाना बहुत ही मुश्किल काम था।

आयुष्मान ने कहा, हम पहले से ही जानते थे कि इस विषय की फिल्म को दर्शकों तक पहुंचाना बहुत ही मुश्किल का काम है। इसलिए, मनोरंजन के माध्यम से लोगों तक संदेश पहुंचाने का हमने फैसला किया और मुझे खुशी है कि हमारी महत्वपूर्ण सामाजिक संदेश वाली फिल्म ने अच्छा प्रदर्शन किया है। संदेश काफी संख्या में लोगों तक पहुंच गया है और इसने घर के भीतर इस विषय पर बातचीत को गति दी है।

शुभ मंगल सावधान की सफलता देखकर मैं बहुत खुश हूं, क्योंकि यह भारतीय दर्शकों के लिए सबसे अधिक वर्जित विषयों में से एक है। इसकी सफलता यह दिखाती है कि भारत विकसित हो गया है और परिवार के लोग इस विषय पर फिल्में देखने के लिए सिनेमाघरों में आने के लिए तैयार हैं।

# मौका मिला तो कंगना रनौत के साथ जरूर करुंगा कामः अहमद खान



बॉलिवुड में हाल ही रिलीज हुई बागी 3 के डायरेक्टर अहमद खान का कंगना रनौत पर एक बार फिर बयान आया है। अहमद खान ने कहा कि कंगना रनौत बहुत बेहतरीन ऐक्ट्रेस हैं। उन्होंने आगे कहा कि मौका मिला तो कंगना रनौत के साथ जरूर काम करूंगा और हमारे बीच में कोई नेगेटिविटी नहीं है। हम लोग एक ही इंडस्ट्री के हैं और मिलजुल कर रहते हैं।

अहमद खान ने कंगना रनौत की तारीफ करते हुए कहा कि वह लेडी बागी हैं। कंगना रनौत लड़कियों की बागी है और ऐक्शन फिल्मों की बात करें तो वह इसके लिए बहुत सही ऐक्ट्रेस हैं। इसके साथ ही अहमद खान ने कहा कि जब उन्होंने उनकी फिल्म धाकड़ का टीजर देखा तो उनके रोंगटे खड़े हो गए और उन्हें यह बहुत अच्छा लगा।

अहमद खान ने कहा कि अगर कंगना रनौत को उनकी स्क्रिप्ट पसंद आएगी तो उनके साथ जरूर काम करेंगे। ऐक्शन फिल्म मामलों में कंगना रनौत बहुत फिट हैं क्योंकि वह बहुत पॉवरफुल ऐक्ट्रेस हैं।

बताते दें कि बीते 6 मार्च को अहमद खान की फिल्म बागी 3 रिलीज हुई है। इस फिल्म में टाइगर श्रॉफ, श्रद्धा कपूर और रितेश देशमुख हैं। वहीं, कंगना रनौत फिल्म अब अपनी अपकमिंग फिल्म थलाइवी में नजर आएंगी। यह फिल्म तमिलनाडु की दिवंगत मुख्यमंत्री जयललिता की जिंदगी पर आधारित है।